पीएसयू पर आधारित वेबसाइट की शुरूआत

मुंबई : बांबे स्टाक एक्सचेंज (बीएसई) सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के लिए विनिवेश आधारित वेबसाइट बुधवार को जारी की. भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उपक्रम मंत्री विलासराव देशमुख ने बुधवार को यहां इस वेबसाइट का उदघाटन किया. बीएसई में केंद्रीय क्षेत्र की 214 सार्वजनिक उपक्रमों और उसकी सहायक इकाइयों में से 44 सूचीबद्ध हैं. इन 44 सार्वजनिक उपक्रमों, सार्वजनिक क्षेत्र के 26 अतिरिक्त बैंकों तथा राज्य स्तर के छह सार्वजनिक उद्यमों को मिलाकर बीएसई में पीएसयू की कुल 76 इकाइयां सूचीबद्ध हैं और बीएसई की कुल पूंजी में इनका 30 प्रतिशत से अधिक का हिस्सा है.